कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

दिनांक 09.10.2021

विद्यार्थी उत्प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन में एनसीसी छात्रों के लिए विद्यार्थी उत्प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), IQAC प्रभारी डॉ. एच.एस. भाटिया एवं

NAAC प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सेना प्रमुख सीडीएस जनरल बिपिन रावत सहित 13 अन्य शहीद को महाविद्यालय के एनसीसी इकाई एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत एनसीसी कैडेटों के द्वारा किया गया। पूर्व एनसीसी अधिकारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने सेना में एनसीसी की योगदान एवं प्रशिक्षण अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए देश के सेवा के प्रति समर्पण की भावना की अपील की। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) महाविद्यालय में एनसीसी की पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने कैरियर के प्रति सजग एवं संघर्षशील होने के लिए प्रेरित किये। कैरियर निर्माण की दिशा में अपने व्यक्तिगत अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा किये। भूतपूर्व एनसीसी छात्र डोमेश कुमार साहू ने अपने वक्तव्य मे कहे कि एनसीसी के द्वारा सेना में आसान तरीके से भर्ती हो सकती है क्योंकि इकाई के द्वारा जो भी कार्यक्रम संचालित होता है उसमें सेना का स्वरूप दिखाई देता है साथ ही उन्होने प्रशिक्षण के दौरान होने वाली कठिनाईयों का जिक्र किया तथा किस प्रकार तैयारी करके सेना के क्षेत्र में जाया जा सकता है इसका चर्चा किया। विद्यार्थियों के द्वारा पुछे गए प्रश्न का जवाब दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी केयर टेकर श्री एस कुमार गौर ने किया।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य